में भिलाई में तत्कालीन प्रधान मंत्री की उपर्युक्त सार्वजनिक सभा के सम्बन्ध में दुर्ग प्रशासन की विशेष प्रार्थना पर कुछ प्रबन्ध किए गए थ जिन में भाषण मंच के चारों और जंगला लगाने, पानी की टंकी और बचाव व्यवस्था शामिल थीं। यह प्रबंध इस स्पष्ट धारणा से किऐ गए थे कि इनका भुगतान कया जाएगा। तदनुसार उपर्युक्त सेवाओं के लिए जिला प्राधिकारियों को भुगतान के लिए 21,985 रुपय के खर्चे के बिल भेजे गए थे। अभी तक इन बिलों का भुगतान नहीं किया गया है और कारखाने के प्रबंधक जिला अधिकारियों से इस मामले में लिखा-पढ़ी कर रहे हैं।

**अस्पतालों और केन्द्रीय स्वास्थ्य सेवा केन्द्रों में काम कर रहे ड्रेसरों की पदोन्नति**

762. **श्री दयाराम शाक्य : स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केन्द्रीय सरकार दसवीं कक्षा पास कर्मचारियों को पांच वर्ष की सेवा के बाद पदोन्नति देती है ;

(ख) क्या यह सच है कि अस्पतालों और केन्द्रीय स्वास्थ्य सेवा केन्द्रों में इसी योग्यता वाले ड्रेसरों की पांच वर्ष की सेवा पूरी करने के बाद भी किसी तकनीकी पद पर पदोन्नति नहीं किया गया है ; और

(ग) यदि हां, तो इस बारे में सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गई है ?

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जगदम्बी प्रसाद यादव) :** (क) जी, नहीं। ऐसा कोई नियम नहीं है।

(ख) और (ग) अस्पतालों और केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना के औषधालयों में काम कर रहे ड्रेसरों की पदोन्नति सबंधी अवसर वैसे ही हैं कि केन्द्रीय सरकार कर्मचारियों की सभी श्रेणियों के लिये हैं। ये अवसर उच्च ग्रेड में पदों की उपलब्धता और उनके लिये उम्मीदवारों के पास अपेक्षित अर्हतायें होने पर निभर करते हैं। जो ड्रेसर अपने पद पर स्थायी होते हैं और जिनकी अपने ग्रेड में कम से कम दस वर्ष की सेवा होती है वे ही सेलेक्शन ग्रेड में नियुक्ति के पात्र होते हैं।

**इस्पात संयंत्रों में फालतू पुर्जों की आवश्यकता**

763. **श्री दया राम शाक्य : इस्पात और खान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने इस्पात संयंत्रों में फालतू पुर्जों की आवश्यकता का पता लगाने के लिए कोई दल नियुक्त किया हैं ; और

(ख) यदि हां, तो उस दल द्वारा क्या सिफारिश की गई है ?

**इस्पात और खान मंत्रालय में राज्य-मंत्री (श्री करिया मुण्डा) :**

(क) और (ख) : जी, नहीं। फिर भी, स्टील अथारिटी आफ इंडिया लिमिटेड ने अप्रैल, 1973 में अन्य बातों के साथ-साथ सरकारी क्षेत्र के इस्पात कारखानों के लिए फालतू पुर्जों की आवश्यकताओं का अध्ययन करने के लिए एक समिति नियुक्ति की थी। समिति ने फालतू पुर्जों की आवश्यकातओं को पूरा करने के लिए निम्नलिखित सिफारिशें की थीं :—

1. सभी इस्पात कारखानों में सर्वनिष्ठ समान रूप से काम में आने वाले कुछ महत्वपूर्ण, मध्यम तथा भारी श्रेणी के फालतू पुर्जों के निर्माण के लिए केन्द्रीय कर्मशाला की स्थापना की जाये।

2. इस्पात कारखानों की इंजीनियरी कर्मशालाओं में अतिरिक्त सुविधाओं की व्यवस्था की जाए।

3. केन्द्रीय कर्मशाला के साथ रूपांकन तथा मानकीकरण का एक सशक्त अनुभाग सम्बद्ध किया जाए।

उपर्युक्त के आधार पर मध्यम भारी श्रेणी के फालतू पुर्जों के निर्माण के लिए एक केन्द्रीय कर्मशाला की स्थापना के लिए एक प्रस्ताव तैयार किया गया था। लेकिन इस बात को ध्यान में रखते हुए कि इस पर काफी धनराशि खर्च होगी और चूंकि देश में फालतू पुर्जे बनाने की क्षमता पहले ही उपलब्ध है, इस प्रस्ताव पर कार्रवाई न करने का निर्णय लिया गया है।

**भारत में अंधे व्यक्तियों की संख्या**

764. **श्री हुकम देव नारायण यादव:** क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या विश्व स्वास्थ्य संगठन के प्रतिवेदन के अनुसार भारत में अंधे व्यक्तियों की सबसे अधिक संख्या है और उनके अंधेपन का कारण उनका नंगे पैर रहना है; और

(ख) यदि हां, तो इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है?

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जगदम्बी प्रसाद यादव)**

(क) सरकार के ध्यान में ऐसी कोई रिपोर्ट नहीं आई है।

(ख) यह प्रश्न नहीं उठता।

**Strike by Nurses of Irwin and Pant Hospitals of Delhi**

765. SHRI VAYALAR RAVI: Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state:

(a) whether nurses of Irwin and Pant Hospitals of the Capital went on a strike recently;

(b) if so, the reasons therefor; and

(c) on what conditions the strike was withdrawn and the steps taken to implement the assurances given to them together with the results thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (SHRI JAGDAMBI PRASAD YADAV): (a) Yes, Sir.

(b) A staff Nurse of G.B. Pant Hospital was found dead in the Operation Theatre on the night of 20th September 1977 and the nursing staff was not satisfied with the preliminary enquiries.

(c) The strike was withdrawn after the Executive Councillor (Medical had a meeting with the Delhi Nurses Association on 23rd September 1977. In pursuance of the assurances given to the representatives of the Delhi Nurses Association, the administration have taken the following steps:—

(i) The call duty system of the nurses has been suspended.

(ii) The Deputy Nursing Superintendent of the G.B. Pant Hospital has been transferred.

(iii) The monthly meetings with the representatives of the Delhi Nurses Association are being called by the Medical Superintendents of the Hospitals. One such meeting has already been held in October, 1977.

(iv) Additional safety measures for the nurses residing in the Nurses Hostel and while on duty in the Hospital have been taken.

**Representation against appointment of Chairman Posts and Telegraphs Board**

766. SHRI VAYALAR RAVI: Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that different P&T employees associations have represented against the appointment of a non P&T cadre man as the Chairman of the P&T Board; and

(b) if so, the details thereof, and the reaction of Government thereto?